राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • शुक्रवार • 3 दिसम्बर • 2021

# सीएसए में एड्स जागरूकता को कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता



विश्व एड्स दिवस पर सीएसए में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के बीच कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता।

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को 'विश्व एड्स दिवस' पर जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने इस अवसर पर एड्स के लक्षण, रोकथाम व बचाव को लेकर अपने विचार भी भाषणों के जरिए व्यक्त किये। मुख्य अतिथि प्रभारी अधिष्ठाता गृह विज्ञान विभाग डॉ.मुक्ता गर्ग ने स्वयं को जागरूक करके ही एड्स से बचाव के लिए समाज को जागरूक किया जा सकता है। अटोवी घोष की संचालन में संपन्न कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.अर्चना सिंह व डॉ.राजीव सचान, डॉ.रश्मि सिंह सक्रिय भागीदारी की। श्रद्धा सचान, मानुषी, जाह्नवी, आदित्या, विधि, आयशा ने सहयोग किया।

Sign in to edit and save changes to this file.


देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
आम आदमी पार्टी में आना चाहते थे सिद्धू... 12 | जाति-धर्म की राजनीति नकार कर विकास के... 03

जन एक्सप्रेस
वर्ष: 13 | अंक: 52
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper लखनऊ | शुक्रवार | 03 दिसंबर, 2021
92 करोड़ की लागत से सहारनपुर में 50.43 एकड़ में मां शाकुम्भरी विश्व विद्यालय का शिलान्यास किया

# कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे गुरुवार को प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 44 छात्रों का चयन हुआ। छात्रों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कोविड-19 के विपरीत समय में भी छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके प्लेसमेंट कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। जिसमें हमारे अनेक छात्र चयनित भी हुए हैं। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने ने कहा की छात्र जिस विभाग और कंपनी में सेवा के लिए जाएंगे वहां पर अपनी योग्यता और ईमानदारी का परिचय देते हुए अथक प्रयास करेंगे और निसंदेह आगे बढ़ेंगे। सेवा योजन सेल के प्रभारी डॉ ए. एल. जाटव ने बताया कि 21 छात्रों का चयन यू पी एस आर एल एम (उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन) में लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के उपरांत हुआ है। जबकि 23 छात्रों का चयन बुके बुकेटो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड साहिबाबाद, गाजियाबाद के लिए हुआ है।

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र
जनमत टुडे
वर्ष:12 | अंक:321 | देहरादून, गुरुवार, 02 दिसंबर, 2021 | पृष्ठ:08

# चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट में 44 छात्रों का हुआ चयन

**दीपक गौड़** (जनमत टुडे)

**कानपुरः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की प्लेसमेंट कार्यक्रम में 44 छात्रों का चयन हुआ है विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखा कर प्लेसमेंट क्रैक की छात्रों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कोविड–19 के विपरीत समय में भी छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके प्लेसमेंट कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है जिसमें हमारे अनेक छात्र चयनित भी हुए हैं मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं उन्होंने कहा कि सीएसए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहा है और उन्हें विभिन्न विभागों, उद्योग जगत में जाने के लिए तैयार कर रहा है जिसमें शिक्षक अहम भूमिका निभा रहे हैं।

कुलपति ने कहा की छात्र जिस विभाग, कंपनी में सेवा के लिए जाएंगे वहां पर अपनी योग्यता और ईमानदारी का परिचय देते हुए अथक प्रयास करेंगे और निसंदेह आगे बढ़ेंगे सेवा योजन सेल के प्रभारी डॉ एएल जाटव ने बताया कि 21 छात्रों का चयन यूपीएसआरएलएम (उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन) में लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के उपरांत हुआ है जबकि 23 छात्रों का चयन बुके बुकेटो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड साहिबाबाद गाजियाबाद हेतु हुआ है।

अमर उजाला कानपुर 03/12/2021

# 74 छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विवि और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में गुरुवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 74 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली। सीएसजेएमयू के 30 छात्रों को अधिकतम पैकेज चार लाख तो सीएसए के 44 छात्र-छात्राओं को अधिकतम तीन लाख के पैकेज पर चयनित किया गया है।

सीएसजेएमयू के डीन कैंपस प्लेसमेंट डॉ. सुविज्ञा अवस्थी ने कहा कि एक हफ्ते तक चले कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में जस्ट डायल, एचडीएफसी, एमएलपी और राइटवेव जैसी कंपनियों ने 30 छात्रों का लिखित और इंटरव्यू के बाद चयन किया। वहीं, सीएसए में सेवा योजन सेल के प्रभारी डॉ. एएल यादव ने बताया कि लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के बाद 21 छात्रों का चयन उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन में हुआ। वहीं, 23 छात्रों का चयन बुके बुकेटो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड साहिबाबाद में हुआ है। (ब्यूरो)



# एड्स के प्रति जन जागरण अभियान चलाना जरूरी

▸ विश्व एड्स दिवस पर एनएसएस की छात्राओं ने की पोस्टर प्रतियोगिता

डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 गृह विज्ञान विभाग में विश्व एड्स दिवस मनाया गया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कि अधिकारी डॉ रश्मि सिंह द्वारा आयोजित किया गया इस अवसर पर समाज में एड्स के संबंध में फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने भाषण द्वारा भी एड्स के लक्षण, रोकथाम तथा एचआईवी वायरस के बारे में बताया तथा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ मुक्ता गर्ग सह प्राध्यापक एवं प्रभारी अधिष्ठाता गृह विज्ञान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं को जागरूक करने से ही समाज में जागरूकता लाई जा सकती है राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी डॉ अर्चना सिंह ने कार्यक्रम में छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति की सराहना की। डॉक्टर संजीव सचान कार्यक्रम अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एचआईवी एड्स घातक बीमारी है जिसके लिए 3टी जरूरी है (ट्रेसिंग टेस्टिंग और ट्रीटमेंट)। इस अवसर पर डॉ रश्मि सिंह कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अटोबी घोष ने किया। कार्यक्रम में श्रद्धा सचान, मानुषी, जहान्वी, आदित्या, विधि, आयशा, अंजली, दीपिका आदि छात्राओं ने विशेष सहयोग प्रदान किया।






दैनिक जागरण कानपुर 03/12/2021

# विश्व एड्स दिवस पर एनएसएस की छात्राओं ने बनाए पोस्टर

जासं, कानपुर : सीएसए विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गृह विज्ञान विभाग में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी डा. रश्मि सिंह ने एड्स के संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया। साथ ही छात्राओं ने भाषण प्रस्तुत करके एड्स के लक्षण, रोकथाम व वायरस के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी व सह प्राध्यापक डा. मुक्ता गर्ग ने बताया कि स्वयं को जागरूक करने से ही समाज से इस बीमारी को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में डा. अर्चना सिंह, डा. संजीव सचान ने कहा कि एचआइवी एड्स घातक बीमारी है, इसके लिए ट्रेसिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट जरूरी है। इस दौरान श्रद्धा सचान, मानुषी, जाह्नवी आदि छात्राएं रहीं।

हिंदुस्तान 03/12/2021

# जागरूकता से दूर किया जा सकता एचआईवी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में गुरुवार को विश्व एड्स दिवस पर एक संगोष्ठी हुई राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तीन की ओर से गृह विज्ञान विभाग में आयोजित संगोष्ठी में डॉ. रश्मि सिंह ने जागरूक किया। कहा, एचआईवी से बचने का एक माध्यम जागरूकता है। डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ. अर्चना सिंह ने भी एचआईवी के बारे में जानकारी दी। संचालन अटोबी घोष ने किया।

अमर उजाला कानपुर 03/12/2021

# 13 मेधावियों को स्वर्ण पदक

**सीएसए का दीक्षांत समारोह 28 को, मेडल लिस्ट जारी**



माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के दीक्षांत समारोह की मेडल लिस्ट जारी हो गई है। 28 दिसंबर को कैलाश भवन सभागार में होने वाले दीक्षांत की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र उपस्थित होंगे। यहां 13 मेधावियों को स्वर्ण मेडल प्रदान किए जाएंगे।

**ये है मेधावियों की सूची**

| विषय | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| बीएससी कम्युनिटी साइंस | आकांक्षा वर्मा | सृष्टि सिंह | स्नेहा गार्गी |
| एमबीए एग्री बिजनेस | स्मृति यादव | विकास यादव | जिया बिष्ट |
| एमएससी उद्यान | नागा यशस्वी | याशिका | सिद्धार्थ गौतम |
| एमएससी कृषि | सत्य श्री | देवेश यादव | राहुल यादव |
| बीएससी कृषि | बृजेश कुमार | सौरभ कुमार | विनोद सिंह |
| बीएफएससी | साक्षी मौर्या | प्रथा कुमार | सनी चौहान |
| कृषि इंजीनियरिंग | जितेंद्र कुमार | आराध्या | अंजली यादव |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | उमंग तिवारी | यश मेहरोत्रा | अमन वर्मा |
| कंप्यूटर साइंस | सलिल शुक्ला | सौम्या अवस्थी | मोहम्मद सलीम |
| डेयरी टेक्नोलॉजी | विश्वेश कुमार | नवीन दीक्षित | शुभम यादव |
| बीएससी वानिकी | आकाश कुमार | कुलदीप | कौशल कुमार |
| बीएससी उद्यान | राजीव कुमार | विकास वर्मा | प्रशांत कुमार |
| एमएससी गृह विज्ञान | वर्तिका | दिव्यांका | सचना शाह |

हिन्दुस्तान 03/12/2021

# आकांक्षा, साक्षी व आकाश को मिलेगा स्वर्ण पदक

**सीएसए**

**विवि का दीक्षांत 28 को, पदक प्राप्त करने वाले मेधावियों की सूची जारी**

कानपुर | **वरिष्ठ संवाददाता**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को कैलाश भवन सभागार में संपन्न होगा।

समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्र उपस्थित होंगे। विवि प्रशासन ने पदक प्राप्त करने वाले मेधावियों की सूची भी जारी कर दी है।

| विषय | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| • बीएससी कम्युनिटी साइंस | आकांक्षा वर्मा | सृष्टि सिंह | स्नेहा गार्गी |
| • एमबीए एग्री बिजनेस | स्मृति यादव | विकास यादव | जिया बिष्ट |
| • एमएससी उद्यान | नागा यशस्वी | याशिका | सिद्धार्थ गौतम |
| • एमएससी कृषि | सत्य श्री | देवेश यादव | राहुल यादव |
| • बीएससी कृषि | बृजेश कुमार | सौरभ कुमार | विनोद सिंह |
| • बीएफएससी | साक्षी मौर्या | प्रथा कुमार | सनी चौहान |
| • कृषि इंजीनियरिंग | जितेंद्र कुमार | आराध्या | अंजली यादव |
| • मैकेनिकल इंजीनियरिंग | उमंग तिवारी | यश मेहरोत्रा | अमन वर्मा |
| • कंप्यूटर साइंस | सलिल शुक्ला | सौम्या अवस्थी | मोहम्मद सलीम |
| • डेयरी टेक्नोलॉजी | विश्वेश कुमार | नवीन दीक्षित | शुभम यादव |
| • बीएससी वानिकी | आकाश कुमार | कुलदीप | कौशल कुमार |
| • बीएससी उद्यान | राजीव कुमार | विकास वर्मा | प्रशांत कुमार |
| • एमएससी गृहविज्ञान | वर्तिका | दिव्यांका | सचना शाह |

